53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 16.0°c | अधिकतम 21.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:45, सूर्यास्त - 6:17 | वर्ष : 53/ अंक : 58 | शुक्रवार, 28 फरवरी 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

भरोसा रखें कि हमारा जीवन बहुत शानदार है, यही भरोसा इसे हकीकत बना देगा।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

आम आदमी पार्टी के विधायक विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे : नयी दिल्ली




वक़्त जब ठोकर लगा दे और सड़क पर फेंक दे .....धरना, प्रदर्शन, फजीता याद रहना चाहिए.....

# समस्याओं के अंबार, नेताओं सड़कों की दुर्दशा भी देख लो एक बार

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** यूं तो शहर में अतिक्रमण, जाम, ई रिक्शा और न जाने कितने तरह की समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। इन समस्याओं का कौन सी सदी में अंत होगा यह तो पता नहीं, हां वोट लेने से पहले दिखावे जरूरत किये जाएंगे। और यह बताकर लुभाने की कोशिश की जाएगी कि नेताजी 24 घंटे आपके द्वार खड़े मिलेंगे, मगर अब इन सब तरह की कहानियों को जनता सुनने को तैयार नहीं है। जनता को धरातल पर काम चाहिए। 2027 का चुनाव इस बार नेताओं का टेढ़ी खीर जैसा दिखाई देगा और जब नेताजी जनता के पास मीठी-मीठी बातें करने के लिए घर-घर जाएंगे तो जनता के कड़वे सवाल उन्हें बदहाल कर देंगे, क्योंकि पिछले दस सालों में ट्रिपल इंजन की दुहाई देने वाले सरकार के नुमाइंदों को जनता घेरेगी। पिछले दस सालों में इस शहर विकास नहीं बल्कि विनाश हुआ है। न तो शहर को अतिक्रमण से निजात मिली, न अवैध ई- रिक्शाओं न जाम और न ही कूड़े के ढेरों से। मगर आज हम बात करेंगे शहर की सड़कों की। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर चार महीने बाद एक ऐलान करते हैं, कि पूरे प्रदेश में सड़क के गड्ढे भर दिये जाएंगे, लेकिन उनके नुमाइंदे किस तरह से गड्ढे भरवाते हैं और कब वह गड्ढे कितने दिन चलते हैं, यह रहस्य नेताओं के अलावा कोई नहीं जान पाया। मुजफ्फरनगर शहर की बात करें तो शहर में एक भी सड़क ऐसी नहीं है, जो बिना गड्ढे की हो। अटल जी का वह वाक्य आज भी मुजफ्फरनगर के लोगों को याद आता है, जब वह मुजफ्फरनगर आए थे और कहा था कि गड्ढों में सड़क है या गड्ढों में सड़क। अटल जी तो स्वर्ग सिधार गए मगर सड़कों का हाल इतने वर्षों के बाद भी ऐसा का ऐसा ही है। शहर की सड़कों का नजारा देखें जहां अंसारी रोड, लिंक रोड, गांधी कॉलोनी से सटे देवपुरम, गांधी कॉलोनी फ्लाई ओवर, रेलवे रोड, हुकुम सिंह वाली गली गांधी कॉलोनी, सरकुलर रोड, श्रीराम कॉलेज परिक्रमा मार्ग, मेरठ रोड, रुडकी रोड, खालापार रोड, शामली रोड सभी सड़कों का एक जैसा ही हाल है। शर्मनाक बात यह है कि नेताओं के पास आश्वासनों की झड़ी है, कभी तीन महीने, कभी चार महीने, कभी बरसात, कभी चुनाव ऐसे सब बहाने नेताओं के साथ साथ जनता को भी मुंहजबानी रट चुके हैं कि अब नेता क्या नया बहाना बनाएगा। मगर जनता भी धीरे-धीरे होश संभाल रही है और नेताओं का माकूल उपचार करने के लिए 2027 का इंतजार कर रही है। इस बार हर हाल में जनता ऐसे नेताओं को नजरअंदाज कर देगी, जो सिर्फ आश्वासनों पर ही अपनी राजनीति करते हैं। अब जनता को आश्वासनों से ज्यादा शहर के विकास की आवश्यकता है। बातें करने वाले नेता को अब जनता एक सिरे से खारिज करने के मूड़ में है। हालांकि नेताजी 2027 आने से पहले-पहले अपनी छवि को पुनः ठीक करने के लिए इन सड़कों को ठीक उसी तरह रातों-रात बनवा देंगे, जिस तरह लोकसभा चुनाव में चुनावी सड़कें बनाई गयी थी। मगर तब तक उनके हाथों से सत्ता की कुर्सी जाने का समय आ चुका होगा।
















## चरम पर है सड़कों में हो रहा भ्रष्टाचार

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** नगर में हर साल कोई न कोई सड़क बन जाती है। मगर सड़क कौन से मानकों के आधार पर बन रही है, यह देखने वाला कोई नहीं है। आज बनने वाली सड़क 15 दिन बाद ही टूटना शुरू हो जाती है। जब भ्रष्टाचार से तैयार यह सड़कें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं तो दिखावे के लिए नेता और अधिकारी दोनों वहां पहुंचते हैं और बड़ी जांच बैठ जाती है। मगर वह जांच चंद दिनों बाद कौन सी फाइल में बंद हो जाती है, यह जानकारी जुटा पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसा नहीं कि पिछले दस सालों में शहर में सड़कें न बनी हों, मगर कौन सी सड़क ऐसी है, जो ठीक से एक वर्ष भी चली हो, इसका उदाहरण शायद नेता और विभाग दोनों नहीं दे पाएंगे। भ्रष्टाचार का बोल बाला इतना है कि सबकी मिलीभगत के बाद यह भी पता नहीं चलता कि यह भ्रष्टाचार आखिर कहां से शुरू होकर कहां तक खत्म हो रहा है। निचले स्तर से लेकर ऊपर तक सब पैसे के खेल में डूबे हुए हैं और शहर में भ्रष्टाचार की सड़कें आए दिन बनकर तैयार होती हैं और पहली ही बारिश में टूटकर बिखर जाती हैं। चंद दिनों की मामूली सी बारिश से ही सड़कों का क्या हाल है, यह खुद देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि यह सड़कें किस तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी हैं।

# सपा का चरित्र सनातन धर्म को कलंकित करने वाला : भूपेन्द्र चौधरी

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने गुरूवार को लोक निर्माण विभाग डाक बंगले पर मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि सपा का चरित्र हमेशा से ही हमारी आस्था, परंपरा व सनातन को कलंकित और लज्जित करने का रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलाई गई थी। यह लोग सदैव धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। उन्होंने मीडिया के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि अभी भाजपा संगठन का पुनर्गठन करने का काम चल रहा है और जल्द प्रदेश में जिला अध्यक्षों का ऐलान होगा।

### लोक निर्माण विभाग डाक बंगले पर किया भव्य स्वागत

मेरठ रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में महाराजा सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था जनकपुरी नई दिल्ली कार्यकारिणी के चुनाव कार्यक्रम में यहां पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने मीडिया से वार्ता करते हुए महाकुंभ के दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की यहां पर उपस्थिति को सनातन धर्म की प्रबलता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था पाकिस्तान जैसे देशों की आबादी से भी अधिक है, जो हिन्दू धर्म के शक्तिशाली होने की पहचान है। उन्होंने दिल्ली के चुनाव और यूपी में महाकुंभ के कारण भाजपा के संगठन की प्रक्रिया में हुई देरी पर चर्चा करते हुए स्वीकार किया कि जल्दी ही संगठन में बदलाव साफ रूप से दिखाई देगा। उन्होंने स्वीकार किया कि वेस्ट यूपी के जिन जनपदों में मंडलों के चुनाव नहीं हुए हैं, वे जिले रोके जाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मीडिया के मंत्रीमंडल के विस्तार के सवाल को खूबसूरती से टाल गए। उन्होंने कहा कि मंत्रीमंडल में विस्तार करने का विशेषाधिकार मुख्यमंत्री का है। उन्होंने दिल्ली के सवाल पर स्पष्ट कहा कि आम आदमी पार्टी के लोग अराजक है। विधान सभा में कार्यवाही चलाने का अधिकार अध्यक्ष का होता है। उन्होंने दावा किया कि यूपी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया है। यूपी सरकार हर संभव लगातार अभियान चलाकर उक्त भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर रही है। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, हरीश अहलावत समेत बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।





**संजीव बालियान ने की अपील**

## महाराजा सूरजमल संस्था राजस्थान के वनस्थली की तर्ज पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बनाएं छात्राओं के लिए अलग विश्वविद्यालय

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** महाराजा सूरजमल संस्था के पदाधिकारी आज मुजफ्फरनगर पहुंचे, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी शामिल रहे। उनके साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया भी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री संजीव बालियान ने संस्था को एक शानदार सलाह दी, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में उनकी मंशा रही है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में छात्राओं के लिए अलग से विश्वविद्यालय होना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि राजस्थान में जिस तरह से वनस्थली और हरियाणा के सोनीपत में भी छात्राओं के लिए अलग से विश्वविद्यालय है, इसी तर्ज पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की छात्राओं के लिए भी एक ऐसा ही विश्वविद्यालय होना चाहिए। इस विश्वविद्यालय से गरीब किसान की उन बच्चियों को लाभ मिलेगा, जो डोनेशन देकर पढ़ नहीं सकती। उन्होंने कहा कि संस्था को नोएडा में जमीन लेने की क्या जरूरत है, जब उन्होंने अपने कार्यकाल में खरड़ में मुफ्त जमीन उपलब्ध कराने की बात कही थी, तब संस्था के किसी भी सदस्य ने न जाने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। संस्था का लाभ तभी है, जब गरीब व्यक्ति के घर की बच्चियां भी संस्था का लाभ उठा सकें। नोएडा जैसे शहरों का क्या है, वह तो पहले से ही शिक्षा का बाजार है। पैसे दो और प्रवेश करा लो। इससे गरीबों को क्या लाभ है? गरीबों को लाभ देने के लिए संस्थाएं बनाई जाती हैं, ऐसे में उन्होंने लाला सूरजमल संस्था से अनुरोध किया कि संस्था को फ्री की जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, और वे सबसे पैसा इकट्ठा करके एक विश्वविद्यालय बनाएं। और उन्हें उम्मीद है कि उनकी इस अपील में सब सहयोग करें, क्योंकि हर व्यक्ति चाहता है कि उनकी बच्ची कम से कम खर्च में उच्च शिक्षा प्राप्त करें।

### बोले - मुजफ्फरनगर के खरड़ में ही अपने कार्यकाल में मैंने मुफ्त जमीन का दिया था प्रस्ताव

# मुजफ्फरनगर से नोएडा को सीधी बस सेवा की उठी मांग

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर से नोएडा के लिए दो रोडवेज बसें संचालित किए जाने के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सहारनपुर को निर्देश दिए हैं, जिसके क्रम में अब शीघ्र ही इन रोडवेज बसों का संचालन इस मार्ग पर शुरू हो जाएगा। नगर विधायक व यूपी सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव ने बताया कि मुजफ्फरनगर जिला मुख्यालय से नोएडा के लिए प्रतिदिन क्षेत्र से हजारों की संख्या में व्यापारी, छात्र-छात्राओं के साथ व्यवसायी एवं नौकरी करने वाले सफर करते हैं, लेकिन जिला मुजफ्फरनगर से नोएडा के लिए यातायात की कोई सीधे सुविधा न होने के कारण तमाम लोगों को इस स्थिति में ट्रेनों से चलकर जनपद गाजियाबाद में मजबूरीवश उतरना पड़ता है और फिर वहां से मैट्रो या सिटी बस में इधर से उधर परेशान होते हुए किसी तरह से अपने गंतव्य तक की यह यात्रा काफी परेशानियों को उठाकर पूरा करनी पड़ती है। जनपद मुजफ्फरनगर के लोगों को यातायात में होने वाली इन समस्याओं के संबंध में यात्रियों द्वारा बीते दिनों मंत्री कपिल देव को अवगत कराया। जिसके क्रम में मंत्री कपिल देव द्वारा यात्रियों को हो रही परेशानियों के दृष्टिगत आरएम रोडवेज सहारनपुर को जिला मुख्यालय से दो रोडवेज बसें संचालित किए जाने के लिए स्वीकृति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया है, जिससे प्रतिदिन आने-जाने वाले इन यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए भविष्य में किसी असुविधाओं का सामना न करना पड़े और भविष्य में मुजफ्फरनगर से नोएडा, ग्रेटर नोएडा तक रोडवेज के संचालन से यात्रियों का सफर सुगम एवं आसान बन सके। उन्होंने निर्देशित किया कि मुजफ्फरनगर से चलने वाली रोडवेज बसों का संचालन क्रमशः सुबह 07 बजे एवं दूसरी 08 बजे डिपो से चल कर नोएडा पहुंचेगी और उधर से शाम 07 बजे एवं दूसरी 08 बजे रात्रि को चलकर मुजफ्फरनगर के लिए प्रस्थान करेंगी। इन रोडवेज बसों को बाद में यात्रियों की जरुरत के आधार पर संशोधित कर लिया जायेगा।

### मंत्री कपिल देव ने आरएम सहारनपुर को लिखा पत्र






## हादसे में युवक की गई जान

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र में बिलासपुर कट पर उस समय एक युवक की मौत हो गयी, जब वह बुधवार देर रात शादी समारोह से वापस लौट रहा था। दरअसल मेरठ के दौराला गांव के मछरी निवासी सुनील हलवाई का काम करता है। बुधवार को वह एक शादी समारोह में काम करने के लिए आया हुआ था। अपना काम निपटाने के बाद वह पैदल ही वापस लौट रहा था, तभी नई मण्डी के बिलासपुर कट के पास तेज रफ्तार से बाइक ला रहे एक व्यक्ति ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे वह जमीन पर जा गिरा। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ही पुलिस ने परिजनों को युवक की दुर्घटना की सूचना दी तो परिजन मुजफ्फरनगर ही पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस द्वारा भेजा गया। बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस दुर्घटना करने वाले की तलाश कर रही है। उक्त हादसे से परिवार में कोहराम मचा है।

## आचार संहिता उल्लंघन में अब 1 को सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** वर्ष 2004 में चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद सईदुज्जमा के समर्थन में शहर कोतवाली के फक्करशाह चौक पर बिना अनुमति के जनसभा आयोजित की गयी थी। इस मामले में पुलिस की ओर से पूर्व मंत्री सईदुज्जमा, कादिर राणा, एहसान कुरैशी, शमीम काला, हाजी सलीम व शादिक कुरैशी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा चलने के दौरान एक आरोपी एहसान कुरैशी की मौत हो गयी थी। इस मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायधीश देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है, जहां बचाव पक्ष के अधिवक्ता नकली सिंह ने बताया कि आज कोर्ट में बहस की गयी। बहस पूरी न होने के कारण कोर्ट ने इस प्रकरण की अगली तिथि 1 मार्च नियत की है।

# पेड़ पर बैठा मिला तेंदुआ, विभाग से पकड़ा नहीं जा रहा

**बुढ़ाना, 27 फरवरी (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर में महीनों बाद फिर से गांव वालों को एक तेंदुआ पेड़ पर चढ़ा नजर आया। तेंदुए द्वारा शिकार की गई एक गाय के अवशेष भी जंगल में पड़े मिले। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने पेड़ पर चढ़े तेंदुए का वीडियो बना लिया। तेंदुआ दिखने पर ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बन गया, लेकिन वन विभाग कह रहा है कि तेंदुए वाली वीडियो पुरानी है। शायद वन विभाग किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र में लगभग करीब तीन माह से ग्रामीण डर के साये में जीने को मजबूर हैं। गांव दुर्गनपुर, राजपुर, छाजपुर और सेनपुर समेत 6 गांवों के जंगलों में तेंदुए का पूरा परिवार ग्रामीणों को बार-बार दिखाई दे रहा है। तेंदुए दर्जनों नीलगाय, बकरियों और कुत्तों का शिकार कर चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत हैं। ग्रामीण कई बार वन विभाग के अधिकारियों से इन्हें पकड़ने की गुहार भी लगा चुके हैं। विगत् दिवस ग्रामीणों ने दुर्गनपुर गांव के जंगल में एक तेंदुए को पेड़ पर चढ़ते देखा। वन विभाग की ओर से तेंदुओं को पकड़ने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। उधर वन क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार का कहना है कि तेंदुए किसी ग्रामीण को परेशान नहीं कर रहे हैं। अगर एक ही तेंदुआ होता, तो पिंजरा लगाकर उसे पकड़ लेते। अगर पिंजरा लगाकर एक तेंदुए को पकड़ लिया तो अन्य तेंदुए हिंसक हो जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से जंगल में समूह में काम करने की अपील की है। चर्चा ये भी है कि स्थानीय वन विभाग जंगल में तेंदुआ होने की बात को एक सिरे से नकार रहा है।



# प्रेम सम्बंधों में 4.58 लाख रुपये की ठगी के मामले में शाहपुर पुलिस ने बस्सो और शाहीन को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** पुरुष तो पुरुष अब महिलाएं भी अपराध में पीछे नहीं रह गयी हैं। आए दिन किसी न किसी घटना में महिलाएं संलिप्त दिखाई पड़ती हैं, इसी क्रम में कुछ दिन पहले शाहपुर के हरसौली गांव की शाहिदा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री की मुलाकात इंस्टाग्राम पर रवि नाम व्यक्ति से हुई थी, जिसने गोल्ड गिफ्ट भेजने के नाम पर उसे साइबर ठगी में फंसाते हुए 4.58 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिये थे। बृहस्पतिवार को पुलिस ने प्रकरण का खुलासा करते हुए साइबर ठगी में शामिल मेरठ की रहने वाली मां-बेटी बस्सो पत्नी अकबर व शाहीन परवीन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि शाहपुर थाना प्रभारी दीपक चौधरी द्वारा टीम बनाकर मामले की पड़ताल की गयी और दोनों महिलाओं के विभिन्न बैंकों में 17 बैंक खाते मिले हैं, जिनके पास से फिलहाल 43 हजार रुपये की नकदी, दो बैंक पासबुक, 19 एटीएम कार्ड व एक बार कोड बरामद किया है। उक्त महिलाएं इस ठगी में अकेली शामिल नहीं हैं, बल्कि लम्बा-चौड़ा गिरोह इनके पीछे काम कर रहा है, जिनकी तलाश में पुलिस जुट गयी है। फिलहाल दोनों महिलाओं का चालान कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।




## विदेश तक जुड़े हैं तार, 33 बैंक खातों से 6 करोड़ से अधिक का लेन-देन

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** 4.58 लाख रुपये की ठगी का खुलासा करने के साथ साथ एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि उक्त घटना में जहां मां-बेटी ने 17 बैंकों में अपने निजी खाते खुलवा रखे थे, वहीं अन्य 33 बैंक खातों के माध्यम से 6.0 करोड़ से अधिक का लेन-देन होना सामने आया है। दोनों मां-बेटी बस्सो व शाहीन इतनी शातिर थी कि जिन अन्य खातों के माध्यम से वे रुपयों का लेन-देन कराती थी, उनको दस प्रतिशत कमीशन का लालच देकर अन्य रुपयों का लेन-देन कराया जाता था। फिलहाल पिछले कुछ माह के भीतर ही 6.0 करोड़ रुपये से अधिक की बात सामने आई है और इस मामले में 12.78 लाख रुपये फिलहाल फ्रीज करा दिये गए हैं। मां-बेटी की मानें तो उक्त गिरोह का कनेक्शन विदेश से जुड़ा है और पुलिस इन शातिरों की चेन जोड़ने में लगी हुई है। पुलिस मोबाइल के माध्यम से दोनों महिलाओं से नम्बरों की पूछताछ कर जांच कर रही है।



DS PUBLIC SCHOOL MUZAFFARNAGAR Estd. 2005

**D S PUBLIC SCHOOL**

( Affiliated to C.B.S.E. New Delhi, Play to12th )

( Science, Commerce, Humanities)

**ADMISSION OPEN (2025-26)**

Registration forms are available for admission to classes Play to IX & XI between 09:00 A.M. to 2:30 P.M. on all working days. Admission to Play, Nursery, L.K.G. & U.K.G. classes is on " First Come- First Served" basis.

**WALK IN INTERVIEW**

ON ALL WORKING DAYS

TIME: 11:00 A.M. to 1:00 P.M.

Well qualified, fluent in English, Hard working Trained, Experienced Candidates from C.B.S.E. Schools having knowledge of computer as well as of operating smart class are required for the following posts-

1. P.G.T. - Physics, Psychology, Geography
2. T.G.T. - Social Science, Sanskrit
3. P.R.T. - English, Hindi
4. K.G.'s. Teachers

Note- Visit the school with photocopies of all your educational documents & a passport size coloured photograph.

"Attractive salary for deserving candidates"

Venue:-D S Public School, Circular Road, Near Railway Crossing, Muzaffarnagar (U.P.)
Ph. No. 9105200054, 8192895168, Email:- dspublicschool@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## विश्व के विशाल मेले का समापन

विश्व के विशाल आस्था मेले का समापन हो गया है। प्रयागराज में यह महाकुंभ मेला 45 दिन तक चला। मेले में श्रद्धालुओं की अभी भी भीड़ है। लोग संगम स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। मेले में दुकानें भी लगी हैं। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ,दोनों उप मुख्यमंत्रियों के साथ कल प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के समापन पर योगी ने पहले अरैल घाट पर झाड़ू लगाई। गंगा घाट से कचरा निकाला। फिर गंगा पूजन भी किया। योगी ने सफाई कर्मियों के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। मुख्यमन्त्री ने कहा कि कल महाकुंभ की पूर्णाहुति हुई। आस्था का इतना बड़ा समागम दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ। सपा पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि विरोधी दूरबीन और माइक्रोस्कोप लगाकर बैठे हुए थे, फिर भी वे घटनाएं उजागर नहीं कर पाए। दुष्प्रचार का कोई मौका उन्होंने नहीं छोड़ा। महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का अंतिम स्नान था। महाशिवरात्रि पर 1.53 करोड़ ने डुबकी लगाई। पूरे महाकुंभ आयोजन के दौरान रिकॉर्ड 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। ये आंकड़ा अमेरिका की आबादी से दोगुना है। संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या 193 देशों की जनसंख्या से अधिक है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ आए श्रद्धालुओं से अधिक है। योगी सरकार ने दावा किया कि दुनिया में हिंदुओं की आधी आबादी के बराबर लोग यहां आए हैं। योगी ने महाकुंभ से जुड़े स्वच्छता कर्मियों को 10 हजार के बोनस की भी घोषणा की। प्रधानमन्त्री मोदी ने 'एकता का महाकुंभ-युग परिवर्तन की आहट' शीर्षक से एक ब्लॉग लिखा। उन्होंने लिखा कि एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ, जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता, जैसा हमने महाकुंभ में देखा। उन्होंने लिखा कि इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से, मां यमुना से, मां सरस्वती से, हे मां! हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो, तो क्षमा करिएगा। श्रद्धालुओं की सेवा में भी कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं। प्रधानमन्त्री मोदी ने, मुख्यमन्त्री योगी की प्रसंशा करते हुए लिखा कि उनके नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर, इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य, यहां न कोई शासक था, न कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ के दौरान सबसे बड़े सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने पुरस्कार प्राप्त किया। महाकुंभ के समापन के बाद योगी ने प्रयागराज में नाव चालकों से बातचीत में कहा कि पंजीकरण के बाद हर नाव चालक को 5 लाख रुपए की बीमा योजना दी जाएगी। गरीब नाविकों को नाव खरीदने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी, जिन लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा। नेत्र कुंभ पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि 66 करोड़ लोगों का एक साथ यहां आना दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन सिद्ध करता है। महाकुंभ के दौरान सेवा में लगे डॉक्टर, पैरामेडिकल सभी कर्मचारियों का मैं धन्यवाद देता हूं। नेत्र कुंभ में कई लोगों का सफल इलाज किया गया। महाकुंभ के इस आयोजन में एक नई नेत्र मणि को जोड़ने का काम नेत्र कुंभ ने किया है। मैं सभी का धन्यवाद देता हूं। कल केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे कर्मियों से मुलाकात की और उन्हें कुंभ में शानदार काम करने के लिए धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने कहा कि मैं पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनके नेतृत्व में इतना भव्य आयोजन हुआ। सभी के सहयोग से हम घनिष्ठ समन्वय के साथ काम कर पाए, जिसकी वजह से हम 13,000 ट्रेनों की योजना के मुकाबले 16,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन करने में सक्षम हुए। उन्होंने कहा हम महाकुंभ के लिए लगभग 4 से 5 करोड़ श्रद्धालुओं को संगम तक लाने में सक्षम हुए। हमने सुनिश्चित किया कि महाकुंभ के 45 दिनों के दौरान श्रद्धालुओं को रखरखाव के मामले में किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। पीएम नरेंद्र मोदी ने हमें महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था पर विचार करने और उन्हें भीड़ के रूप में न देखने के लिए निर्देशित किया। हम सभी व्यवस्थाओं का विश्लेषण करेंगे और रेलवे संचालन नियमावली में स्थायी बदलाव लाएंगे। प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि महाकुंभ में आए सभी श्रद्धालुओं का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, मैं सहयोग प्रदान करने वाले सभी सफाई कर्मचारियों, डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स और अन्य कर्मचारियों का अभिनंदन करता हूं और आभार व्यक्त करता हूं। मैं प्रधानमन्त्री मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। महाकुंभ 2025 के समापन के मौके पर सीएम योगी ने विशेष रूप से प्रयागराज वासियों का धन्यवाद किया। सीएम योगी ने एक्स पोस्ट के जरिए कहा कि महाकुम्भ के सुव्यवस्थित आयोजन के कर्णधार रहे महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, गंगा दूतों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी महानुभावों व संस्थाओं को साधुवाद। विशेष रूप से प्रयागराज वासियों का धन्यवाद, जिनके धैर्य एवं आतिथ्य सत्कार ने सबको सम्मोहित किया। महाकुंभ मेले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी से लेकर कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, फिल्मी सितारों और खेल जगत, उद्योग जगत की हस्तियों तक ने संगम में डुबकी लगाई और प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने महाकुंभ 2025 के समापन पर कहा कि पहले दिन से महाकुंभ को सकुशलता से संपन्न कराया गया है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने एक-एक चीज पर नजर रखी, जो लोग महाकुंभ आए थे, वे सुखद यादें लेकर वहां से गए हैं। हमें पूरा विश्वास है कि जनता ने हमसे जो अपेक्षा की थी, हमारी सरकार उन सभी अपेक्षाओं पर खरी उतरी है, आज विपक्ष भाजपा का विरोध करते-करते भारत का विरोध करने लगा है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'पंडित' 'मूढ़' 'शिक्षक' 'विद्वान'**

पंडित हो या मूढ़ हो कोई,समय सभी का शिक्षक है,
छोटों से तुम हारना सीखो,यानी हार के जीतो भी।
माना तुम विद्वान बहुत हो किन्तु फिर भी पूर्ण नहीं,
छोटों को कुछ सिखलाओ तो छोटों से कुछ सीखो भी।

## अभी प्रयागराज के लिए बंद नहीं होंगी स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 45 दिन तक चला महाकुंभ बुधवार को पूर्ण हो गया। इस दौरान 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम स्नान किया। अंतिम दिन डेढ़ करोड़ लोग पहुंचे। प्रयाग में मौजूद श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने फैसला लिया है कि भारतीय रेलवे अभी स्पेशल ट्रेनों को बंद नहीं करेगा। प्रयागराज आने वाली स्पेशल ट्रेनें पूर्व निर्धारित शेड्यूल की तरफ चलती रहेंगी। कुंभ समापन के मौके पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव भी प्रयागराज पहुंचे। रेलमंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर आयोजन में शामिल सभी रेल कर्मियों को बधाई दी। महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि रेलवे की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक लगातार मेरे संपर्क में रहते थे और हर चीज के लिए पूछा करते थे। हमारे पास रोज रात में भी सीएम योगी आदित्यनाथ, पीएम मोदी और गृह मंत्री का फोन आता था। लगातार लगातार संपर्क में रहते थे। ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत परेशानी न हो। इस पूरे कुंभ के दौरान रेलवे के सभी लोगों ने एक साथ मिलकर काम किया और हमने किसी के साथ भी कोई भेदभाव नहीं किया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि महाकुंभ शिवरात्रि को भले ही समाप्त हो गया है, लेकिन यहां पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला अभी भी जारी है। गुरुवार को भी संगम तट तक श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि अभी आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरह श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहेगा, क्योंकि तमाम श्रद्धालु महाकुंभ के दौरान भीड़ की वजह से नहीं पहुंच पाए होंगे, वो अब जरूर जाएंगे। इसलिए महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेनों को एक साथ नहीं बंद किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों के लिए रेलवे की टीम लगातार मॉनिटर कर रही है। अभी ये भी देखा जा रहा है कि महाकुंभ के बाद प्रयागराज के लिए टिकटों की बिक्री कितनी हो रही है या फिर प्रयागराज की ओर जाने वाली ट्रेनों में सामान्य दिनों के मुकाबले अधिक भीड़ है क्या? इन सभी बिंदुओं के आकलन करने के बाद ट्रेनों को चलाने और बंद करने का फैसला किया जाएगा।

## एक दिवसीय माटी कला फ्री चाक वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय की ओर से गुरूवार को एक दिवसीय माटी कला जागरूकता एवं निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पॉपकार्न मेकिंग मशीन निःशुल्क वितरण कार्यक्रम के साथ खादी एवं ग्रामोद्योग विकास सतत स्वः रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत ग्राम प्रधान सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. वीरपाल निर्वाल अध्यक्ष जिला पंचायत, विजय शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष के द्वारा उद्घाटन किया गया। जागरूकता शिविर का संचालन अर्चना रानी व तेजपाल सिंह द्वारा किया गया। माटी कला जागरूकता के संपन्न कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सोमप्रकाश ने विभाग की योजनाओं की विस्तृत रूप से उद्यमियों को जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने को प्रेरित किया। इस दौरान टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत (20) विद्युत चालित चाक व 10 पॉपकार्न मेंकिंग मशीन एवं 18 ग्राम प्रधानों को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र प्रावधानित धनराशि देकर सम्मानित किया। राजबीर सिंह जिला ग्रामोद्योग अधिकारी (सेवानिवृत्त) ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मौजूद चौ. रविन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष सहकारिता ने भी उपस्थित सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। राहुल कुमार वरिष्ठ सहायक द्वारा अधिकारियों व लाभार्थियों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम समापन किया गया। इस दौरान दीपक कुमार, जमीर हसन, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।




## गुडविल सोसायटी का पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम 9 मार्च को

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बुस.)।** गत दिवस स्थानीय कोल्ड स्टोरेज कंपाउंड निकट (मीनाक्षी चौक) में गुडविल सोसायटी के पदाधिकारियों एवं समस्त सदस्यों की बैठक में आगामी 9 मार्च को एस.डी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग निकट बस स्टैंड के परिसर में पुष्प प्रदर्शनी लगाया जाना सुनिश्चित किया गया, जिसमें नगर एवं जनपद के विभिन्न पुष्प प्रेमी, वाटिका कार्यकर्ता एवं विभिन्न प्रजातियां के पुष्प, गमले-पौधे इत्यादि के माध्यम से प्राकृतिक सौंदर्य की सार्थकता रखने वाले समूह के लोग प्रतिभाग करेंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष गुडविल सोसायटी के माध्यम से प्राकृतिक संरक्षण एवं संवर्धन बनाए रखने तथा मानव मात्र को प्रकृति से जोड़े रखने की दृष्टि से पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम किया जाता है, जिसमें अनेक गणमान्यजन प्रतिभाग करते हैं। इस प्राकृतिक सौंदर्य की सार्थकता वाले पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र नारायण माथुर राष्ट्रीय अध्यक्ष गुडविल सोसायटी रहेंगे। यह जानकारी गुडविल सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल एवं सचिव होतीलाल शर्मा ने एवं प्रो.अशोक जैन एक संयुक्त विज्ञप्ति के माध्यम से दी। इस बैठक में प्रमोद मित्तल, लोकेश चंद्रा, मुनेश सिंघल, बीएम गुप्ता, ल.के मित्तल, राजेंद्र साहनी, मुकेश लाल एडवोकेट, एसपी कुच्छल, मुकेश अरोरा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।




## छात्राओं को कराई महिला थाने की विजिट

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रेरक एवं प्रेरणादायक सप्ताह के अंतर्गत बालिकाओं को प्रेरित एवं उत्साहित करने को बालिकाओं की महिला थाना में विजिट कराते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। बाल कल्याण समिति से डॉ. राजीव कुमार द्वारा कराई गई बालिकाओं की विजिट में पुलिस मॉडर्न स्कूल की बालिकाओं को थानाध्यक्ष महिला थाना ने इन बेटियों का उत्साहवर्धन करते हुए उपहार भेंट कर अभिनन्दन भी किया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 साल बेमिसाल के तहत महिला थानाध्यक्ष ने बालिकाओं से संवाद कर उन्हें प्रेरित किया। बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजीव कुमार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 साल बेमिसाल के विषय में बालिकाओं को अवगत कराया। पुलिस मॉडर्न स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा शर्मा के नेतृत्व में बालिकाओं मारिया, सानिया, सोनाक्षी, नव्या,आयशा, अयाना, साजिया, तन्वी, जिज्ञासा एवं अदीबा ने महिला थाना की विजिट करते हुए देश सेवा करने का जज्बा दिखाया। महिला बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू अभियान के तहत आज डीएम उमेश मिश्रा, डीआईजी व एसएसपी अभिषेक सिंह एवं सीडीओ संदीप भागिया के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार ने इस अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम के लिए पुलिस मॉडर्न स्कूल, पुलिस लाइन मुजफ्फरनगर प्रधानाचार्य सुधा शर्मा ने आभार व्यक्त किया।




## महाकुंभ न जाने पर शिंदे का उद्धव पर तंज, कहा- खुद को हिंदू बताने से डरते हैं ठाकरे

**मुंबई, 27 फरवरी (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाकुंभ में न जाने को लेकर गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर तंज कसा और कहा कि ठाकरे खुद को हिंदू कहने से डरते हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 45 दिनों तक चले महाकुंभ का समापन महाशिवरात्रि पर हुआ। महाकुंभ को हिंदुओं का सबसे बड़ा पवित्र धार्मिक आयोजन माना जाता है। यह 13 जनवरी को शुरू हुआ था और 26 फरवरी को इसका समापन हुआ। इस साल महाकुंभ में पौराणिक गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर रिकॉर्ड 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। शिंदे ने पत्रकारों से बातचीत में बिना उद्धव ठाकरे का नाम लिए कहा, "जो लोग महाकुंभ में शामिल नहीं हुए, उनसे पूछा जाना चाहिए कि वे क्यों वहां नहीं गए। वे कहते रहते हैं कि वे हिंदू हैं। बाल ठाकरे ने 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं' का नारा दिया था, लेकिन अब वे खुद को हिंदू कहने से डरते हैं और बाल ठाकरे को हिंदू हृदय सम्राट कहते हैं।' शिंदे ने ठाकरे और कांग्रेस के गांधी परिवार के महाकुंभ न जाने के सवाल पर यह प्रतिक्रिया दी। उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि संरक्षक मंत्रियों के पद से जुड़े मुद्दों को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि महायुति में मुद्दों को सौहार्दपूर्वक और समन्वय के साथ सुलझा लिया गया है। गिरीश महाजन को नासिक और अदिति तटकरे को रायगढ़ की संरक्षक मंत्री के रूप में नियुक्त करने के बाद राज्य सरकार ने आदेश को रोक दिया क्योंकि शिवसेना ने इन दो पदों पर दावा किया था।

## भेदभाव-अधिकारों का हनन जिसके साथ, सपा उसके साथः हरेन्द्र मलिक

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर शुरू समाजवादी पीडीए चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विधानसभा कार्यकर्ताओं का पीडीए चर्चा कार्यक्रम पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा द्वारा पार्टी दफ्तर पर आयोजित किया गया। अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एड. तथा संचालन मीडिया प्रभारी साजिद हसन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद हरेन्द्र मलिक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के लिए हर वह व्यक्ति पिछड़ा है, चाहे उसकी कोई जाति हो, जिसके अधिकारों का हनन हो रहा है और जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है तथा उसके साथ भेदभाव करते हुए कानून की मदद नहीं दी जा रही है, पार्टी उसको पीडीए मानती है। सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि जिनकी संख्या कम मानकर उस पर अत्याचार व सरकार का उत्पीड़न होता है, समाजवादी पार्टी हर उस व्यक्ति को ही अल्पसंख्यक मानती है तथा उनके अधिकारों, भेदभाव, उत्पीड़न के विरुद्ध पार्टी आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने भाजपा को सचेत करते हुए कहा कि सपा की ताकत को कमजोर समझने की भूल मत करें, सपा के साथ में पूरा जनमत है, जिसका प्रदर्शन लोकसभा चुनाव में दिख चुका है। भाजपा की तानाशाही को जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि जन विरोधी नीतियों, किसान-मजदूर, युवा, महिलाओं के अधिकारों के हनन से भाजपा का जनाधार सिमट रहा है। आने वाला वक्त समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार का है। ऐसे में जहां भी अत्याचार उत्पीड़न तानाशाही भाजपा सरकार द्वारा की जाएगी, पार्टी कार्यकर्ता वहां पर खड़े नजर आएंगे। कार्यक्रम को सपा महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी, महासचिव विकिल गोल्डी अहलावत, तहसीन मंसूरी, पवन बंसल, रमेश चंद शर्मा, डॉ. अविनाश कपिल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## डीएस पब्लिक ने किया शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** यहां डीएस पब्लिक स्कूल में मां भारती के अमर सपूत एवं क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को उनके बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन, प्रधानाचार्य गगन शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन ने क्रांतिकारी, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के जीवन तथा देश सेवा के लिए उनके त्याग एवं बलिदान के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आजाद वीरता, त्याग, बलिदान एवं साहस का ऐसा उदाहरण है जो इतिहास में मुश्किल से मिलता है। चंद्रशेखर आजाद ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति की लड़ाई लड़ने के लिए क्रांतिकारियों का मजबूत संगठन खड़ा किया। भगत सिंह, राजगुरु ,सुखदेव जैसे क्रांतिकारियों को साथ लेकर उन्होंने ब्रिटिश सरकार की जड़ें हिला दी। प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने भी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ उन्हें नमन करते हुए उनकी वीरता, साहस एवं उनके बलिदान का बखान किया। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाते हुए साथियों के साथ काकोरी एक्शन तथा लाला लाजपत राय की हत्या का बदला लेने के लिए सांडर्स वध, दिल्ली असेंबली बम एक्शन जैसे कई क्रांतिकारी कारनामों से अंग्रेज सरकार में उनके नाम से ही भय हो गया था। उनके शौर्य, साहस एवं वीरता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि आजाद ने वीरता की नई परिभाषा लिखी। उन्होंने देश की युवा पीढ़ी को चंद्रशेखर आजाद की वीरता, देशभक्ति एवं आदर्श से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए हमेशा तन,मन और धन से समर्पित रहने को कहा।



## प्रधानाध्यापिक ने छात्रा को मारा थप्पड़, चली गई आंख की रोशनी

**मुरादाबाद, 27 फरवरी (एजेंसी)।** मुरादाबाद के प्राथमिक विद्यालय भोगपुर मिठौनी की कक्षा तीन की छात्रा हिमांशी को प्रधानाध्यापिका ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद उसकी दायीं आंख में दर्द शुरू हो गया। करीब एक माह बाद अब आठ वर्षीय हिमांशी को आंख से दिखना बंद हो गया। इलाज के लिए 20 दिन तक भटकने के बाद छात्रा की मां ने डीएम अनुज सिंह से शिकायत की। डीएम के निर्देश पर छात्रा का एम्स में इलाज शुरू हुआ। कांशीरामनगर निवासी ज्योति कश्यप ने डीएम से शिकायत करते हुए बताया कि करीब एक माह पहले प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने उनकी बेटी की स्कूल में पिटाई की थी। इसके बाद से बेटी लगातार आंख में दर्द की शिकायत कर रही थी। उसकी दायीं आंख लाल हो गई और सूजन आ गई। अब चार-पांच दिन से उसे दिखना बंद हो गया है। छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने इलाज में सहयोग करना तो दूर अपनी गलती भी नहीं मानी। डीएम ने शिकायत का संज्ञान लेकर स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि बच्ची का इलाज एम्स में कराया जाए। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने दिल्ली एम्स से समन्वय कर इलाज के लिए छात्रा को भिजवा दिया। एम्स के डॉक्टरों ने छात्रा के परिजनों को बताया कि उसकी ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचा है। साथ ही रेटिना भी बुरी तरह प्रभावित है। आंख की नसों में खून का दौरा नहीं हो पा रहा है। पहले इसे ठीक करना होगा। इसके बाद आंख की रोशनी लाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। डॉक्टरों ने यहां तक कहा कि नस ठीक नहीं हुई तो रोशनी आना मुश्किल है। इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। छात्रा की मां ने बताया कि पिछले 20 दिन में वह जिला अस्पताल के अलावा शहर के कई बड़े नेत्र चिकित्सकों को दिखा चुकी हैं लेकिन सभी डॉक्टरों ने बच्ची को इलाज के लिए दिल्ली ले जाने की सलाह दी। छात्रा के पिता ई-रिक्शा चलाते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण दिल्ली में इलाज के लिए उनके पास रुपये नहीं हैं, इसलिए उन्होंने डीएम से शिकायत कर मदद मांगी। अब एम्स में भी डॉक्टरों का जवाब सुनकर बच्ची के परिजन परेशान हैं। वहीं इस मामले में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



### हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए लाइन में लगा श्रद्धालु बेहोश होकर गिरा, मौत

**अयोध्या, 27 फरवरी (एजेंसी)।** महाशिवरात्रि के दूसरे दिन भी अयोध्या में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ है। श्रद्धालु सरयू स्नान और नागेश्वरनाथ का अभिषेक करने के बाद हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इसी बीच रामनगरी में एक श्रद्धालु की मौत हो गई है। हनुमानगढ़ी के सामने दर्शन की लाइन में खड़ा एक श्रद्धालु गिरकर बेहोश हो गए। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें बचाने का हरसंभव प्रयास किया। उन्हें पास के श्रीराम अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित श्रद्धालु की आयु करीब 75 साल थी। उनकी मौत स्वाभाविक बताई जा रही है। मामला दोपहर 2.30 बजे के करीब का है। मृतक श्रद्धालु का नाम मुरलीधर है। वह यूपी झांसी के दमेले चौक के रहने वाले थे। वह अपने परिवार के साथ अयोध्या दर्शन करने आए हुए थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु की मौत स्वाभाविक रूप से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## शाहपुर के सिद्धपीठ जुड़्डी वाला मंदिर में भजन संध्या में अपार जनसमूह उमड़ा

### - टी-सीरीज कलाकार राम अवतार शर्मा ने समां बांधा

**शाहपुर, 27 फरवरी (बु.)।** गांव पलड़ा स्थित एकांतेश्वर महादेव जुड्डी वाले मंदिर में महाशिवरात्रि की संध्या पर विशाल भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकारों ने भगवान शिव का गुणगान कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। क्षेत्र के गांव पलड़ा स्थित एकांतेश्वर महादेव जुड्डी वाले मंदिर में महाशिवरात्रि की सायंकाल भगवान शिव का रुद्राभिषेक कार्यक्रम होने के साथ विशाल भजन संध्या आयोजित की गई। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक राम अवतार शर्मा ने बम भोले बम भोले बम भोले बम शिव का नाम दो सुबह शाम लो के अलावा अन्य भजन सुना कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके अलावा भजन गायक गुरुदयाल, सुनील लक्खा, अरविंद नामदेव आदि ने भी भगवान शिव व बालाजी महाराज के भजन सुनाए। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, समाजसेवी अरविंद पाल, सत्येंद्र पाल, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, डॉ. गौरव सैनी, रजत बंसल, राजीव गर्ग, विजय गोयल, सुनील प्रजापति, पंकज शर्मा, विमल सैनी, भाजपा नेत्री रूबी सैनी, राजेंद्र मित्तल व सचिन सिंघल, वीरेंद्र कुमार सिंघल, विमल कुमार सैनी, सुशील कुमार प्रजापति, प्रवीण कुमार प्रजापति, विनय कुमार प्रजापति, राजेंद्र कुमार मित्तल, राहुल कुमार शर्मा, संजीव कुमार सिंघल, राहुल कुमार सैनी, पंकज कुमार शर्मा, रजत कुमार बंसल, रितिक गर्ग, राजीव कुमार गर्ग, शशांक सिंघल, राजेश कुमार सिंघल, सुनील कुमार प्रजापति, कुमार सिंघल, घनश्याम नामदेव, रामकुमार प्रजापति, राजू नामदेव आदि का सहयोग रहा।



## महिला अधिवक्ता पर केमिकल अटैक, वकीलों ने कोतवाली पर किया हंगामा

**मुरादाबाद, 27 फरवरी (एजेंसी)।** ठाकुरद्वारा में बृहस्पतिवार सुबह महिला अधिवक्ता पर अज्ञात हमलावरों ने केमिकल डालकर हमला कर दिया। इस घटना के बाद वकीलों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने कोतवाली पर प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। ठाकुरद्वारा निवासी महिला अधिवक्ता शशि वाला करीब दस बजे किसी काम से बाहर निकली थीं। इसी दौरान पीछे से दो अज्ञात लोगों ने उन पर केमिकल डाल दिया और फरार हो गए। हमले के पीछे एक युवती के मुकदमे की पैरवी करने की रंजिश बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कोतवाली पर जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन से हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह बड़ा आंदोलन करेंगे। बिलारी थाना क्षेत्र में सिरसी रोड पर बीती नौ फरवरी को बाइक में टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ बुधवार शाम थाना बिलारी में रिपोर्ट दर्ज की गई। ग्वारऊ गांव निवासी महबूब खान की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि उसका बेटा मोईन अशरफ अपने सहपाठी अनुराग सिंह के साथ ट्यूशन पढ़कर बाइक से वापस आ रहा था। रास्ते में सिरोही बैक्वेट हॉल के निकट बाइक रोककर मोइन अशरफ और अनुराग अपने सहपाठी मोहम्मद शमी निवासी ग्वालखेड़ा से बात करने लगे। इसी दौरान सिरसी की ओर से आई तेज रफ्तार कार की टक्कर से तीनों छात्र घायल हो गए। बेटे मोइन अशरफ का निजी अस्पताल में उपचार कराने के दौरान थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने में देरी हुई। पुलिस ने ईको कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध निर्माण बंद कराए जाने की लगाई गुहार

**बुढ़ाना, 27 फरवरी (बु.)।** एक ग्रामीण ने बुढ़ाना एसडीएम से अवैध निर्माण रुकवाए जाने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अटाली निवासी राज बहादुर सिंह ने बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम कार्यालय को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका ग्राम अटाली में एक मकान है, जिस पर उसकी पुत्रवधु मोनिका पत्नी सर्वेश ने अवैध कब्जा किया हुआ है और इस बारे में न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन बुढ़ाना में एक वाद अभी भी विचाराधीन चल रहा है। अब मोनिका उस मकान में अवैध रूप से दुकान का निर्माण कर रही है। बुढ़ाना पुलिस को अवैध निर्माण रुकवाने के आदेश करने के बावजूद भी वह मकान में अवैध रूप से अभी भी निर्माण कार्य करवा रही है। आरोपी के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। पीड़ित ग्रामीण ने एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर गुहार लगाई है कि एसडीएम बुढ़ाना पुलिस को आदेश देते हुए अवैध निर्माण कार्य को रुकवाकर उसकी मदद करें। इस सम्बंध में पीड़ित ग्रामीण राजबहादुर सिंह ने शुक्रवार को एसडीएम बुढ़ाना से भी मिलने की बात कही है।



## मौलाना आजाद मैमोरियल स्कूल शाहपुर का भव्य वार्षिकोत्सव आयोजित

### - शाहपुर चेयरमैन अकरम कुरैशी रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

**शाहपुर, 27 फरवरी (बु.)।** कस्बे की शिक्षण संस्था मौलाना आजाद मैमोरियल जूनियर हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें कक्षा प्रथम में बुशरा, द्वितीय में सारीब, तृतीय में इलमा, चतुर्थ में अलीशा व पंचम में रुबिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा छह में अलीना, कक्षा सात में इकरा व कक्षा आठ में इंशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय की कक्षा चार की छात्रा अलीशा ने 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय को टॉप किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगद धनराशि देने के साथ अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नए सत्र का कोर्स अपनी ओर से देने की घोषणा की। नगर पंचायत सभासद पुत्र आदिल खान ने विद्यालय की टॉपर छात्रा को पुरस्कार में साइकिल व अपने वार्ड के सभी छात्र-छात्राओं को बैग देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा सभासद अब्दुल कलाम अंसारी, सोनू सैनी, आसिफ सलमानी के अलावा तस्लीम अंसारी, राशिद मलिक आदि ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के मैनेजर शारिक खान व साहिल खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वसीम अहमद ने किया। इस दौरान सभासद विशाल गर्ग, सतीश पाल, समाजसेवी तोहिद त्यागी, इरशाद सलमानी, हसीन सैफी, तस्लीम अंसारी, नदीम अहमद व जावेद अंसारी आदि उपस्थित रहे।





## निःशुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 फरवरी 2025, दिन शुक्रवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक निःशुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हर्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खांसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गांठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

निःशुल्क पी.एस.ए. (गदूद के कैंसर की जाँच) | ऑपरेशन पर भारी छूट | निःशुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय

28 फरवरी 2025, शुक्रवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

# 45 करोड़ से विकास कराने को पालिका ने बनाया प्लान

**15वें वित्त आयोग से डीएम के समक्ष प्रस्ताव रखने की तैयारी**

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद् की ओर से वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व ही 15वें वित्त आयोग से विकास के लिए प्राप्त धनराशि को खर्च करने के लिए बड़े काम करने का प्लान बनाया है। योजना में प्रस्तावित कार्यों पर डीएम की स्वीकृति का इंतजार है। पालिका की ओर से करीब 45 करोड़ रुपये से होने वाले प्रस्ताव तैयार कर धरातल पर लाने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इसमें पालिका के 03 विभागों की ओर से जल निकासी, सौन्दर्यकरण, जलापूर्ति व सफाई व्यवस्था के साथ कूड़ा निस्तारण के काम शामिल हैं।

पालिका परिषद् द्वारा इन दिनों शहरी क्षेत्र के विकास का खाका खींचने का काम तेजी से शुरू हो रहा है। पालिका ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त टाइड-अनटाइड ग्रांट में मिली धनराशि से करीब 45 करोड़ से विकास कार्य कराने के प्रस्ताव तैयार किए हैं। इनमें निर्माण विभाग की ओर से करीब 18-19 करोड़ रुपये के प्रस्ताव हैं, जिनमें झांसी रानी स्मारक पार्क सौन्दर्यकरण और नई मूर्ति की स्थापना, राजवाहा रोड नई मंडी की साइड पटरी, कुछ अन्य सड़क निर्माण और मुख्य रूप से शहर के करीब 20 नालों का नव निर्माण कार्य कराते हुए जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य कराने की कार्ययोजना बनाई गई है। जेई निर्माण कपिल कुमार ने बताया कि निर्माण विभाग को करीब 20 करोड़ रुपये के प्रस्ताव तैयार किए हैं, इनमें मुख्य रूप से जल निकासी सुधारने के लिए शहर के 20 छोटे बड़े नालों का निर्माण कार्य कराने का प्रस्ताव शामिल है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने करीब 13 करोड़ रुपये के प्रस्ताव बनाये हैं। इनमें शहर से निकलने वाले फ्रेश वेस्ट का सेग्रीकेशन प्रतिदिन करने के लिए 200 टन प्रतिदिन की क्षमता से कार्य करने वाली दो ट्रॉमल मशीन खरीदने के साथ शौचालय और अन्य निर्माण व संसाधन कार्य शामिल हैं। एनएसए डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि 15वें वित्त आयोग से विभाग को 12.96 करोड़ की धनराशि मिली है। इस पैसे से कई कार्य कराने तथा मशीनों और गाड़ियों को खरीदने के प्रस्ताव बनाए हैं। दो ट्रॉमल मशीन करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये से खरीदने के प्रस्ताव है, ताकि प्रतिदिन फ्रेश वेस्ट का निस्तारण पालिका स्तर से कराया जा सके। जलकल विभाग के सहायक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि 15वें वित्त में विभाग ने 12.96 करोड़ की लागत से कार्य कराने के कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव तैयार किये हैं। इनमें 55 वार्डों में 2800 मीटर नई पाइपलाइन बिछाने के साथ ही नए विस्तारित क्षेत्र में 10 हॉर्स पॉवर क्षमता के करीब 15 नए नलकूपों का निर्माण कार्य कराना प्रस्तावित किया गया है, ताकि क्षेत्र में जलापूर्ति की स्थिति में सुधार हो सकें। वहीं पानी का फ्लो बढ़ाने के लिए पांच एचपी के छोटे बोरिंग कराने का कार्य भी कराया जायेगा।

**इन्होंने कहा-**



"**पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप** ने बताया कि 15वें वित्त में जो धनराशि पालिका को प्राप्त हुई है, वो वित्तीय वर्ष 31 मार्च तक खर्च की जानी है। इसके लिए सम्बंधित विभागों से प्रस्ताव मांगे हैं। हम अगले कुछ महीनों में जलापूर्ति, सौन्दर्यकरण, सफाई व्यवस्था के साथ ही निर्माण और विकास कार्यों में बेहतर कार्य करने जा रहे हैं। करीब 45 करोड़ रुपये से ये कार्य कराना प्रस्तावित है। प्रस्ताव तैयार करा लिए हैं। डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में अब इनको प्रस्तुत किया जायेगा। स्वीकृति मिलने के बाद कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया जल्द प्रारम्भ की जायेगी ताकि क्षेत्र की जनता को हम समय रहते इन योजनाओं से लाभान्वित कर सकें।"

NPP MZN

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दस साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** शामली जनपद के आदर्श मण्डी क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 11 अक्टूबर 2016 को वह बाजार गयी हुई थी और उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। तभी बेटी के अकेलेपन का फायदा उठाकर उसी का भतीजा दीपक उर्फ काका निवासी ज्वालापुर हरिद्वार उसे बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया। आरोपी बेटी के साथ-साथ घर से जेवरात और दस हजार रुपये भी ले गया था। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस को की तो पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू कर दी मगर छह साल बाद पुलिस को नाबालिग व आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई, जहां कोर्ट में युवती के बयान दर्ज कराए गए। युवती ने अपने बयानों में दीपक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। उक्त मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट नं. 2 के न्यायधीश अंजनि कुमार की कोर्ट में हुई, जहां एडीजीसी विनय कुमार अरोरा व मनमोहन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट ने आरोपी को दस साल की सजा व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## भाजपा सांसद कंगना रनौत ने पक्ष रखने के लिए कोर्ट से मांगा समय

**आगरा, 27 फरवरी (एजेंसी)।** एमपी-एमएलए कोर्ट आगरा में गुरुवार को अभिनेत्री व भाजपा सांसद कंगना रनौत से जुड़े केस की सुनवाई हुई। कोर्ट के लगातार नोटिस जारी होने के बाद भी अभिनेत्री कंगना छठवीं बार भी कोर्ट में पेश नहीं हुई। मगर, गुरुवार की सुनवाई में कोर्ट में पक्ष रखने के लिए उनकी वकील हाजिर हुई। उन्होंने ने कोर्ट में अपना वकालतनामा पेश करके अपना पक्ष रखने के लिए समय की मांग की। जिस पर कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 18 मार्च दी है। इस मामले में पहले ही कोर्ट के आदेश पर न्यू आगरा थाना पुलिस ने अपनी आख्या रिपोर्ट भी पेश कर दी है। आज की सुनवाई में अभिनेत्री कंगना की ओर से अधिवक्ता अनुश्रिया चौधरी कोर्ट में हाजिर हुईं। जो सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं। उन्होंने कोर्ट में कहा कि अभिनेत्री कंगना राणावत अभी व्यस्त हैं। इसलिए, अभी कोर्ट में बयान के लिए नहीं आ सकती हैं। अधिवक्ता अनुश्रिया चौधरी ने बताया कि इस मामले में 18 मार्च की सुनवाई में अपना पक्ष रखेंगे। इस मामले में जरूरी दस्तावेज भी जुटाए जा रहे हैं।



## बिहार के 7 नए मंत्रियों को विभागों का किया बंटवारा

**पटना, 27 फरवरी (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कैबिनेट में शामिल हुए सात नए मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) कोटे से शामिल सभी मंत्रियों को उनके विभाग सौंप दिए गए हैं। इसके साथ ही, नए मंत्रियों को सौंपे गए विभागों को लेकर आधिकारिक नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इसके तहत कई पुराने मंत्रियों के विभाग भी बदले गए हैं। जो मंत्री पहले एक से अधिक विभागों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, उनके कुछ विभाग अब नए मंत्रियों के बीच वितरित कर दिए गए हैं। नए विभागों के बंटवारे को लेकर जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, बीजेपी कोटे से मंत्री बने संजय सरावगी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री बनाया गया है। इससे पहले इस विभाग की जिम्मेदारी बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के पास थी। हालांकि, कैबिनेट विस्तार से पहले ही दिलीप जायसवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अब उनकी जगह संजय सरावगी इस अहम विभाग की कमान संभालेंगे। विभागों के बंटवारे में संजय सरावगी- राजस्व एवं भूमि सुधार, जीवेश मिश्रा- नगर विकास एवं आवास विकास, सुनील कुमार- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजू सिंह- पर्यटन मंत्री, मोतीलाल प्रसाद- कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, कृष्ण कुमार मंटू- सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री और विजय मंडल- आपदा प्रबंधन विभाग दिया गया है। बिहार में नीतीश कुमार की कैबिनेट में मंत्रियों के विभागों में फेरबदल हुआ है। यह बदलाव मंत्रियों के कामकाज के आधार पर किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा अब कृषि और खनन विभाग देखेंगे। पहले उनके पास पथ निर्माण विभाग था, जो अब नितिन नवीन को सौंपा गया है। नितिन नवीन से नगर विकास विभाग लेकर जीवेश मिश्रा को दे दिया गया है। मंगल पांडेय के पास स्वास्थ्य और विधि विभाग की ज़िम्मेदारी रहेगी। नीतीश मिश्रा अब सिर्फ. उद्योग विभाग संभालेंगे।

## कामांध पड़ोसी ने किया था किशोर प्रिंस का का कत्ल

**सहारनपुर, 27 फरवरी (एजेंसी)।** देवबंद के भायला खुर्द में हुए प्रिंस हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। हत्याकांड को पड़ोसी अंकित ने अंजाम दिया, जो गलत नीयत के चलते प्रिंस को अपने साथ गन्ने के खेत में ले गया था। विरोध करने पर ईंट से वार कर उसकी हत्या कर दी। भायला खुर्द गांव निवासी प्रिंस (12) पुत्र कंवरपाल 24 फरवरी को दोपहर बाद लापता हो गया था। परिजनों ने देवबंद थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा रखी थी। 25 फरवरी को तलाशी अभियान के दौरान प्रिंस का शव घर से थोड़ी दूर गन्ने के खेत में नग्न अवस्था में मिट्टी में दबा मिला था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में अंकित निवासी भायला खुर्द को गिरफ्तार किया, जो प्रिंस का पड़ोसी है और नशे का आदी है। पुलिस लाइन में प्रेस कांफ्रेंस में एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि आरोपी अंकित 24 फरवरी को दोपहर बाद आम के बाग में बैठकर मोबाइल पर गेम खेल रहा था। तभी वहां पर प्रिंस उर्फ अनमोल आया, जो उसके साथ मोबाइल में गेम खेलने लगा। इसी दौरान आरोपी उसे पब्जी गेम खिलाने के बहाने से बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया। वहां पर उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। इस पर प्रिंस ने शोर मचा दिया और धमकी दी कि घर जाकर मम्मी-पापा को बता देगा। आरोपी ने गुस्से में आकर वहां पड़ी ईंट उठाई और प्रिंस के सिर में ताबड़तोड़ कई वार किए। इससे प्रिंस की मौके ही मौत हो गई। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने घर गया और फांवडा उठाकर लाया। इसके बाद घटनास्थल पर ही गड्ढा खोदकर शव को दबा दिया। जब परिजनों ने प्रिंस की तलाश शुरू की, तब आरोपी भी दिखावा करने के लिए उनके साथ इधर-उधर घूमता रहा, जिससे उस पर किसी को शक न हो। हालांकि पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद आरोपी बार-बार हाथ जोड़कर कह रहा था कि उससे गलती हो गई। माफ कर दो।

## पाकिस्तानी संसद में उठेगा मेजबानों की चैंपियन ट्रॉफी में हार का मुद्दा

**लाहौर, 27 फरवरी (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और टीम के खिलाड़ियों से चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबानों के खराब प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे। इसकी जानकारी राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की सरकार टीम के जल्दी बाहर होने से खफा है। 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रही पाकिस्तान की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में करारी हार का सामना करना पड़ा। मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व वाली टीम ने पहला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इस दौरान उन्हें 60 रन से शिकस्त मिली थी। इसके बाद रविवार को पाकिस्तान का सामना भारतीय टीम से हुआ। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम ने विराट कोहली की शतकीय पारी की बदौलत चिर प्रतिद्वंद्वी को छह विकेट से हरा दिया। इस तरह पाकिस्तान का सफर टूर्नामेंट में समाप्त हो गया। गुरुवार को गत चैंपियन की टक्कर बांग्लादेश से होनी थी। लेकिन यह मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश के कारण रद्द हो गया। इस तरह दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। वहीं, न्यूजीलैंड और भारत की टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से बात करेंगे। वह क्रिकेट से जुड़े मुद्दों को कैबिनेट और संसद में उठाएंगे।



## चैम्पियन से विवाद के बीच विधायक उमेश के कैंप कार्यालय पर नकाबपोशों ने की फायरिंग

**रुड़की, 27 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तराखंड में खानपुर विधायक उमेश कुमार के रुड़की स्थित कैंप कार्यालय के बाहर नकाबपोश बदमाशों ने कई राउंड हवाई फायरिंग कर दी। फायरिंग से कैंप कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में दहशत फैल गई। फायरिंग की घटना कैंप कार्यालय के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात में केस दर्ज कर फायरिंग करने वालों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि खानपुर से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार और पूर्व विधायक चैंपियन के बीच जनवरी माह में विवाद हुआ था। जिसके बाद चैंपियन ने 26 जनवरी को समर्थकों के साथ रुड़की स्थित उमेश कुमार के कैंप कार्यालय पर पहुंचकर उनके समर्थकों से मारपीट कर दी थी। साथ ही कई राउंड हवाई फायरिंग कर दी थी। जबकि उमेश भी पिस्टल लेकर चैंपियन के कार्यालय की तरफ दौड़े थे। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज कर लिया था। साथ ही चैंपियन और उनके समर्थकों को जेल भेज दिया था। तभी से चैंपियन जेल में ही बंद है। इसे लेकर पुलिस की ओर से गंगनहर पटरी किनारे स्थित दोनों के कैंप कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी थी। लेकिन अब एक बार फिर विधायक उमेश कुमार के कैंप कार्यालय पर नकाबपोश बदमाशों ने हवाई फायरिंग कर पुलिस की चिंता फिर से बढ़ा दी है। दरसअल, बृहस्पतिवार की अलसुबह बाइक सवार नकाबपोश बदमाश विधायक उमेश के कैंप कार्यालय के बाहर पहुंचे और हवाई फायरिंग कर दी। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने घटना की सूचना विधायक उमेश कुमार और उनके निजी सचिव जुबैर काजमी को दी। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस में भी खलबली मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो नकाबपोश संदिग्ध फायरिंग करते भी दिखे। मामले में निजी सचिव की ओर से सिविल लाइंस कोतवाली में पुलिस को तहरीर दी गई है।



## सिगरेट चोरी का फरार आरोपी दबोचा

**मीरापुर, 27 फरवरी (बु.)।** मीरापुर पुलिस ने दिसम्बर माह में बाईपास से आईटीसी सिगरेट कंपनी की ट्रक से सिगरेट के डिब्बे चोरी करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। करीब तीन माह पूर्व 17 दिसंबर 2024 को कुछ चोरों ने सैनी भट्टे के निकट स्थित ढाबे से सिगरेट से भरे आईटीसी कंपनी के एक कंटेनर से करीब एक करोड़ रुपयों की सिगरेट चोरी कर ली थी। पुलिस ने उसी समय मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था और एक आरोपी को करीब 55 लाख की नकदी व सिगरेट के डिब्बे बरामद कर उसका चालान कर दिया था। गुरुवार को पुलिस ने एक सूचना के आधार पर जानसठ रोड पर बने एक ढाबे से उक्त घटना में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी हापुड़ जनपद के थाना बाबूगढ़ के गांव भीमब्यारी निवासी नदीम पुत्र फतेहखान को गिरफ्तार कर उसके पास से 22 हजार की नकदी बरामद की। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

## फरवरी माह के आखिरी दिन में मौसम ने ली करवट

### सर्द हवाओं के साथ बारिश ने कराया फिर सर्दी का अहसास

**मुजफ्फरनगर, 27 फरवरी (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर समेत समूचे यूपी, पंजाब, हरियाणा और बिहार में हल्की बारिश से फिर से सर्दी का अहसास होने लगा। फरवरी माह अपने आखिरी पड़ाव की ओर पहुंच चुका है। ऐसे में उत्तर भारत से ठंड विदाई ले रही है। इस बीच देश में मौसम ने करवट बदलने के साथ उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश का असर देखने को मिला। इस बीच सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर दिल्ली-एनसीआर के साथ पड़ोसी राज्यों में देखने को मिला। बदले मौसम के बीच में गुरूवार अलसुबह दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में हुई छिटपुट बारिश के साथ शुरू सर्द हवाओं से मौसम ठंडा हो गया। दिल्ली-एनसीआर में बादल छाने के साथ हल्की बारिश से तापमान में भी गिरावट आई है। कहना गलत न होगा कि सर्द हवाओं के साथ मौसम के बदले मिजाज से मुजफ्फरनगर में फिर से बदला हुआ दिखाई देने लगा। गुरूवार सुबह से रात तक ठंडी हवाओं के बीच बूंदाबांदी का दौर रहा। इस बीच ठंडी हवाओं के साथ काले बादलों से घटा छाई रही। जिले में लंबे समय बाद फरवरी में मौसम के बदलते मिजाज को देखकर लोगों को ठंड के अहसास दिनभर रहा, जो सायं होने के साथ बढ़ता गया। सर्दी से बचाव के लिए फिर से लोगों ने ऐसे में गर्म कपड़ों का सहारा लिया। नगर में गुरूवार को एक एमएम बारिश हुई। फरवरी के मौसम ने लोगों को कई बार बीमार किया, लेकिन महीने के अंत में सुबह से सायं तक मौसम का मिजाज बदला सा दिखाई दिया। सुबह पांच बजे लोग नींद से जागे तो बादलों में गडगड़ाहट की आवाज से मौसम बदलने का संदेश मिला, लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ा और रौशनी हुई तो सूरज का इंतजार लोग करते रह गए। सूरज नहीं निकलने के साथ ठंडी हवाओं के साथ घटा छाई रही। पूरा दिन लोगों को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुआ। ऊपर से ठंडी हवाओं के बीच दिनभर में पांच घंटे से ज्यादा बूंदाबांदी का लोगों को सामना करना पड़ा। अधिकतम तापमान में भी दो डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई।



## एकता का महाकुंभ : युग परिवर्तन की आहट : नरेन्द्र मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा-भारत की विकास यात्रा में जुड़ा नया अध्याय, विकसित भारत के लिए बड़ा संदेश

**नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसी)।** महाकुंभ का सफल आयोजन संपन्न हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ब्लॉग लिखकर इस सनातन एकता के महायज्ञ को परिभाषित किया है। उन्होंने इसे 'एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट' का शीर्षक दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्लॉग में कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।



## केन्द्रीय कैबिनेट ने वक्फ बिल को दी मंजूरी, 10 मार्च को होगा संसद में पेश

**नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक में बदलावों को मंजूरी दे दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल ने पिछले सप्ताह हुई बैठक में संयुक्त संसदीय समिति द्वारा प्रस्तावित 23 में से 14 बदलावों को स्वीकार कर लिया है। अगस्त में वक्फ बिल को जेपीसी के पास भेजा गया था। अब वक्फ बिल को 10 मार्च को संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। जेपीसी ने 13 फरवरी को अपनी रिपोर्ट पेश की थी। इसके चलते विवाद हुआ था। खढंउ में शामिल विपक्षी सांसदों ने कहा था कि उनके द्वारा बताए गए सुझाव मंजूर नहीं किए गए। उनकी असहमति नोट के कुछ हिस्से गायब कर दिए गए। केंद्र ने आरोपों से इनकार किया है। कहा कि जेपीसी प्रमुख भाजपा के जगदम्बिका पाल के पास समिति पर 'आक्षेप' लगाने वाली धाराओं को हटाने का विवेकाधिकार है। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और विरोध कर रहे विपक्षी सांसदों के बीच हुई बैठक के बाद फैसला लिया गया कि असहमति के नोटों को उनके मूल (और संपूर्ण) रूप में शामिल किया जाएगा। वक्फ परिषदों में चाहे वे राज्य स्तर पर हों या अखिल भारतीय स्तर पर कम से कम दो ऐसे सदस्य होंगे जो इस्लामी धर्म से नहीं हैं। संबंधित राज्य द्वारा नामित अधिकारी यह तय करेंगे कि कोई संपत्ति 'वक्फ' है या नहीं। मूल मसौदे में यह निर्णय जिला कलेक्टर पर छोड़ दिया गया था। तीसरा बदलाव यह स्थापित करना है कि बक्फ कानून किसी संपत्ति पर तब तक लागू नहीं होगा जब तक कि वह पहले से रजिस्टर्ड न हो। इस बिंदु पर कांग्रेस नेता और जेपीसी सदस्य इमरान मसूद ने विरोध किया था। दरअसल, अनुमान के अनुसार 90% वक्फ संपत्तियां रजिस्टर्ड नहीं हैं। मसौदा बिल में 44 बदलाव किए गए थे। ये बदलाव केंद्रीय और राज्य वक्फ बोर्डों के नियमों में थे। ये तय करते हैं कि मुस्लिम धर्मार्थ संपत्तियों का प्रबंधन कैसे होगा। इन प्रस्तावों में हर वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम (कम से कम दो) और महिला सदस्यों को नामित करना है। इसके साथ ही केंद्रीय वक्फ परिषद में एक केंद्रीय मंत्री, तीन सांसद और 'राष्ट्रीय ख्याति' वाले चार लोगों को नामित करना शामिल है।

## योगी ने की यूपी में सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने का ऐलान

### अब 16 हजार रुपये मासिक वेतन हुआ तय, 10 हजार रुपये बोनस

**प्रयागराज, 27 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ मेला 2025 के समापन के मौके पर सफाई कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सफाई कर्मचारियों के सम्मान समारोह के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने सैलरी में बढ़ोतरी की घोषणा की। सीएम योगी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को 10,000 रुपये का बोनस भी दिया जाएगा। 1 अप्रैल से हर सफाई कर्मचारी को 16,000 रुपये महीना वेतन मिलेगा। साथ ही, सीएम योगी ने सफाई कर्मचारियों को 5,00,000 रुपये की स्वास्थ्य बीमा का भी ऐलान किया। वर्तमान समय में यूपी में संविदा पर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को 14 हजार रुपये मासिक सैलरी मिलती है। इस प्रकार इसमें दो हजार रुपये का इजाफा सरकार की ओर से किया गया है। संगम तट पर इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने गंगा की आरती की। इसके बाद विशेष सफाई अभियान की शुरूआत की। उन्होंने सफाई कर्मियों के साथ भोजन किया। महाकुंभ मेले के दौरान सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने वाले स्वच्छता कर्मियों और लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने वाले मेडिकल कर्मचारियों को सम्मानित किया। सीएम योगी ने इस मौके पर कहा कि हर किसी के सहयोग से यह महाकुंभ मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुंभ में काम कर रहे स्वच्छताकर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुंभ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया। साथ ही, मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छताकर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुंभ के महाआयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी।



## तीन हजार के विवाद में युवक के टुकड़े कर नदी में फेंका

**बागपत, 27 फरवरी (एजेंसी)।** तीन हजार रुपये के लिए बेरहमी से युवक की हत्या कर दी गई। लाश के 3 हिस्से करके उसे बोरों में भरकर हिंडन नदी में फेंक दिया। युवक 15 फरवरी से लापता था। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। अपहरण का आरोप भी लगाया था। पुलिस युवक की तलाश कर रही थी। पुलिस वारदात का पदार्फाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। छपरौली के मोहल्ला कुरैशियान का रहने वाला फैजल (21) पुत्र असगर कपड़ों की फेरी लगाता था। 15 फरवरी को अचानक वह लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। इसके बाद उन्होंने छपरौली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। बेटे के अपहरण का आरोप भी लगाया। पुलिस युवक की तलाश में जुटी थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। इस बीच बुधवार की शाम को हर्शिया गांव के पास हिंडन नदीं में युवक की लाश मिली। शव को अलग-अलग बोरों में भरा गया था। धड़ और गर्दन समेत 3 हिस्से किए गए थे। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव की पहचान फैजल के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छपरौली एसओ देवेश शर्मा का कहना है कि परिवार ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस तलाश कर रही थी। युवक का शव मिला है। परिजनों के आरोपों के अनुसार आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। मोहल्ले के रहने वाले तहसीम मंसूरी ने ईटीवी भारत को बताया कि 'मेरे मोहल्ले का लड़का था फैजल। 15 फरवरी को उसका अपहरण हो गया था। गांव के कुछ दबंग लोगों ने उसकी हत्या कर दी। उनका पूरा परिवार दबंग है।

## संत प्रेमानंद से मिले अभिनेता आशुतोष राणा ने सुनाया शिव तांडव स्तोत्र

**मथुरा, 27 फरवरी (एजेंसी)।** वृंदावन में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा गुरुवार को केली कुंज आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए कहा कि महाराज आपकी दृष्टि मात्र से ही मैं सैनिटाइज हो जाऊंगा। भक्ति और अध्यात्म से जुड़े आशुतोष राणा ने वहां शिव तांडव स्तोत्र का हिंदी अनुवाद मात्र 10 मिनट में सुनाया, जिसे सुनकर वहां मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी और बच्चे भी महाराज के प्रवचनों को सुनते हैं और उन्होंने चरण स्पर्श करने की इच्छा जताई है। आशुतोष राणा ने कहा कि हमें ना आप शरीर से और ना ही आत्मा से अस्वस्थ लग रहे हो। उन्होंने कहा कि अक्सर आपके स्वास्थ्य के बारे में लोगों से पूछा करता था, लेकिन अब नहीं पूछूंगा, अब तो मैं यह मानकर चल रहा हूं कि आप कम से कम 80 से 85 वर्ष की आयु तक जीवित रहेंगे। संत प्रेमानंद ने कहा कि अगर शरीर स्वस्थ है और मन भी शांत है, तो बाकी चीजें मायने नहीं रखतीं। मेरी रोज डायलिसिस होती है, लेकिन यह कोई बड़ी बात नहीं। आशुतोष राणा की यह मुलाकात न सिर्फ उनके आध्यात्मिक झुकाव को दर्शाती है बल्कि उनके विनम्र स्वभाव और धार्मिक आस्था को भी उजागर करती है।



## सीएम योगी ने कैबिनेट के संग सफाईकर्मियों के साथ किया भोजन, दिया समरसता का संदेश

**प्रयागराज, 27 फरवरी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे। अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में उन्होंने सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की। पूरे महाकुंभ क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की बखूबी जिम्मेदारी निभाने के लिए सफाईकर्मियों को सम्मानित किया। इसके बाद सीएम योगी ने अपने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ पंडाल में सफाईकर्मियों के साथ भोजन किया। सीएम ने कहा कि सफाई कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ जिस तरह से महाकुंभ को गंदगी मुक्त बनाने का कार्य किया है इसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। सफाई कर्मियों के अथक परिश्रम और सहयोग से महाकुंभ सकुशल संपन्न हो सका। सफाई व्यवस्था में सभी कर्मचारी दिन रात लगे रहे। देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु महाकुंभ में सफाई की व्यवस्था को देखकर काफी खुश हुए। संगम पर 45 दिनों तक चले महाकुंभ का औपचारिक समापन बृहस्पतिवार को हो गया। महाकुंभ का समापन तो बुधवार को अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के साथ ही हो गया था। आस्था के इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। तरह से माने तो देश के हर दूसरे व्यक्ति ने संगम में स्नान किया है। स्नान के बाद संगम का पवित्र जल भी लोग अपने घर ले गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ का औपचारिक समापन किया। इसके पहले उन्होंने अरैल घाट की खुद सफाई की और कूड़े को बीनकर डस्टबिन में डाला। साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। मां गंगा की पूजा अर्चना की। उनके साथ दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री एके शर्मा, सुरेश खन्ना, राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, विधायक हर्षवर्धन, सिद्धार्थनाथ सिंह, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, वाचस्पति, सुरेंद्र चौधरी, केपी श्रीवास्तव, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, महापौर उमेशचंद्र गणेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।



## ममता बनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग ने की भाजपा की मदद

**कोलकाता, 27 फरवरी (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में टीएमसी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अध्यक्ष ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। इतना ही नहीं, उन्होंने चुनाव आयोग पर भी कई आरोप लगाए। ममता ने कहा कि बीजेपी चुनाव आयोग की मदद से अन्य राज्यों से फर्जी वोटरों को बंगाल की वोटर लिस्ट में शामिल कर रही है, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। जरूरत पड़ी तो पार्टी चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना पर भी बैठेगी। कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की मीटिंग को संबोधित करते हुए, ममता बनर्जी ने नए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'बीजेपी चुनाव आयोग के सपोर्ट से वोट्र लिस्ट में हेरफेर कर रही है।' ऐसा ही आरोप दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी चुनाव आयोग पर आरोप लगाए थे। हालांकि, अरविंद केजरीवाल से सबूत मांगते हुए चुनाव आयोग ने इस आरोप को खारिज कर दिया था। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो उनकी पार्टी चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देगी। उन्होंने कहा, 'अगर मैं 2006 में भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के दौरान 26 दिन की भूख हड़ताल कर सकती हूं, तो हम चुनाव आयोग के खिलाफ भी आंदोलन कर सकते हैं।' वहीं, ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि दिल्ली और महाराष्ट्र के चुनावों में भी बीजेपी ने हरियाणा और गुजरात से फर्जी वोटर बुलाकर जीत हासिल की।






## असम में भूकंप के तेज झटकों से आधी रात हिली धरती, दहशत में घरों से निकले लोग

**मोरीगांव, 27 फरवरी (एजेंसी)।** असम के मोरीगांव जिले में गुरुवार तड़के रिक्टर पैमाने पर 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी जानकारी नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने दी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) कहा कि भूकंप गुरुवार की रात 2:25 बजे आया और उसका केंद्र 16 किलोमीटर की गहराई पर था। इससे पहले मंगलवार तड़के बंगाल की खाड़ी में रिक्टर पैमाने पर 5।1 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप के झटके गुवाहाटी और राज्य के अन्य हिस्सों में महसूस किए गए। 5.0 तीव्रता वाले भूकंप को मध्यम माना जाता है, जिसमें घर के अंदर की वस्तुओं के हिलने, खड़खड़ाहट की आवाज और मामूली क्षति होने की संभावना होती है। असम में भूकंप काफी आम हैं क्योंकि यह राज्य भारत के सबसे अधिक भूकंप-प्रवण क्षेत्रों में से एक है। यह भूकंपीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसका अर्थ है कि यहां तेज झटकों का खतरा अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में, इस क्षेत्र में कुछ बड़े भूकंप देखे गए हैं, जैसे 1950 का असम-तिब्बत भूकंप (8.6 तीव्रता) और 1897 शिलांग भूकंप (8.1 तीव्रता) - दोनों इतिहास में सबसे मजबूत भूकंपों में से एक हैं। यह बंगाल की खाड़ी में आए 5.1 तीव्रता के भूकंप के कुछ दिनों बाद आया है, जिसके झटके कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में महसूस किए गए। एनसीएस ने बताया कि भूकंप 25 फरवरी को सुबह 6:10 बजे आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि भूकंप ओडिशा में पुरी के पास दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि भूकंप बंगाल की खाड़ी में 91 किमी की गहराई पर आया। हालांकि भूकंप के झटकों से कोलकाता के निवासियों में क्षणिक दहशत फैल गई, लेकिन क्षति या हताहत की तत्काल कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है।




## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिए आदेश, संभल में जामा मस्जिद की होगी रंगाई-पुताई

**प्रयागराज, 27 फरवरी (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने कहा है कि संरक्षित स्थल होने के कारण वह संभल स्थित जामा मस्जिद में रंगाई पुताई की अनुमति नहीं दे सकता है। कोर्ट ने इस संबंध में अब एएसआई से रिपोर्ट मांगी है। वैसे कोर्ट ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी की निगरानी में रंगाई पुताई हो सकती है। इसके लिए कोर्ट ने एएसआई और वैज्ञानिक के अलावा प्रशासन के एक अधिकारी की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने को कहा है। तीन सदस्यीय कमेटी मस्जिद परिसर का निरीक्षण करेगी और यह तय करेगी कि किसी स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाए रंगाई पुताई कैसे की जाए। एएसआई तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट कल प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट शुक्रवार को यह तय करेगा कि कैसे बिना ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई पुताई होगी। वैसे मंदिर पक्ष और एएसआई की तरफ से जामा मस्जिद की प्रबंध समिति की याचिका का विरोध किया गया। प्रबंध समिति ने रमजान का महीना शुरू होने से पहले रंगाई-पुताई व मरम्मत की अनुमति के लिए याचिका दायर की है।

## बिजनौर में तेन्दुआ महिला का सिर व पैर खा गया

**बिजनौर, 27 फरवरी (एजेंसी)।** बिजनौर में तेंदुए ने एक महिला पर हमला कर उसकी जान ले ली। घर से 2 किमी दूर गन्ने के खेत में शव मिला है। तेंदुआ सिर और पैर खा गया। महिला दोपहर में खेत की तरफ पशुओं के लिए चारा लेने गई थी, तभी तेंदुए ने हमला कर दिया। ढूंढने निकले परिजनों को रात 8 बजे शव मिला। शव देखते ही पति जयपाल सिंह बेहोश हो गए। ग्रामीण वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े हैं। मृतका की पहचान सुमन (35) के रूप में हुई है। मामला चांदपुर के चौधेड़ी गांव का है। परिजनों ने बताया कि सुमन दोपहर में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी, तो हम लोगों को अनहोनी की शंका हुई। हम सुमन को ढूंढने निकले। कुछ गांव के लोग भी हमारे साथ आए। हम ढूंढते हुए जंगल की तरफ पहुंचे। वहां खड़ी एक महिला ने बताया कि उसने सुमन को गन्ने की खेत में जाते हुए देखा था, जब हम लोग खेत में तलाश करने लगे तो कुछ दूरी पर सुमन का शव मिला। तेंदुआ उसका पैर और सिर खा गया था। किसी तरह उसे उठा कर खेत से बाहर लाए। ग्रामीणों ने कहा कि काफी समय से इलाके में तेंदुआ देखा जा रहा था। वन विभाग को भी कई बार सूचना दी गई, लेकिन विभाग की ओर से पिंजरा नहीं लगाया गया। मृतका के दो बच्चे हैं। बेटा 15 साल और बेटी 12 की है। पति मजदूरी कर घर चलाता है। शव मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजन को समझाने का प्रयास किया। परिजन सुरक्षा व्यवस्था और मुआवजे की मांग को लेकर अड़े हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। चांदपुर रेंजर दुष्यंत सिंह ने गुलदार के हमले की पुष्टि की है।



गुलदार के हमले में मृतका का फाइल फोटो